卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 94 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦11 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज में कमिश्नर का छापा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कुमांऊ कमिश्नर दीपक रावत ने गुरूवार को मेडिकल कालेज और जिला अस्पताल दोपहर को सबसे पहले मेडिकल कालेज पहुंचे। यहां उन्होनें व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मेडिकल कालेज का ओपीडी ब्लाक, दवा वितरण कक्ष, स्टोर रूम, के साथ ही वार्डों का भी निरीक्षण किया। कमिश्नर ने अस्पताल परिसर में





में औचक छापा मारकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर दीपक रावत निरीक्षण करने के बाद कमिश्नर दीपक रावत जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होनें स्थितअमूल पार्लर का भी निरीक्षण किया। साथ ही (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रेन की चपेट में आकर बुझा घर का इकलौता चिराग



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक स्कूटी पर जयनगर से रूद्रपुर की ओर लौट रहा था। वह मानव अधिकार संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अलका सक्सेना एवं पीएनबी के सेवानिवृत्त डीजीएम विजय कुमार सक्सेना का पुत्र था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक पीएनबी के सेवानिवृत्त डीजीएम विजय कुमार एवं मानव अधिकार संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अलका सक्सेना का इकलौता पुत्र 27 वर्षीय ईशांश उर्फ शानू बीती शाम स्कूटी से जयनगर गया था। रात करीब साढ़े नौ बजे वापस लौटते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक शानू खुद का व्यवसाय करता था और अभी अविवाहित था।

## तीसरी मंजिल पर काम कर रहा श्रमिक नीचे गिरा,मौत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पीलीकोठी में तीसरे मंजिल पर काम कर रहा एक श्रमिक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर श्रमिक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। उन्होंने हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से पश्चिमी बिहार का रहने वाला रंजीत पुत्र हीरा लाल मुखिया अपने परिवार के साथ कुसुमखेड़ा में किराए पर रहता है। वह पिछले दो सप्ताह से हरेंद्र यादव श्यामा गार्डन वालों के यहां काम कर रहा था। गुरूवार को वह तिसरी मंजिल पर काम कर रहा था कि अचानक वह गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर श्रमिक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। उन्होंने रंजीत को मारने का आरोप लगाया है। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## लापता महिला वन अधिकारी का शव चीला नहर से बरामद

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। चीला ऋषिकेश मार्ग पर सड़क दुर्घटना के बाद लापता चल रही वन महकमे की महिला अधिकारी आलोकी का शव चीला बैराज से एसडीआरएफ ने गुरूवार को बरामद कर लिया है। इसके साथ ही हादसे में करने वालों की संख्या 5 हो गई है।बता दें वाहन ट्रायल के दौरान दुर्घटना में बीते सोमवार को दो वन क्षेत्राधिकारियों सहित चार की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि वन्यजीव प्रतिपालक चीला आलोकी लापता थी। हादसे के दिन से ही एसडीआरएफ लगातार गहन सर्च अभियान चलाए हुए रही। चौथे दिन गुरूवार सुबह करीब 7:15 बजे



एसडीआरएफ को चीला बैराज में महिला अधिकारी का शव दिखा। जिसे एसडीआरएफ ने बाहर निकालकर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया है। बता दें कि श्रीनगर गढ़वाल की रहने वाली अलोकी राजीजी में वन्यजीव प्रतिपालक चीला के पद पर पोस्टेड थी। उनके पति का दिल्ली में अपना क्लीनिक है। दो वर्ष पहले दोनों की शादी हुई थी। सोमवार को इंटरसेप्टर वाहन का ट्रायल के दौरान वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें वह वाहन से छिटक कर नहर में जा गिरी। हादसे के बाद से एसडीआरएफ इंस्पेक्टर कविद्र सजवाण के नेतृत्व में गहन सर्च अभियान जारी था। निरीक्षक कविन्द्र सजवाण के मुताबिक शव को टीम ने आज सुबह बरामद कर लिया है। राफ्ट डालकर डीप ड्राइविंग टीम ने शव को बाहर निकाल कर थाना लक्ष्मण झूला पुलिस के सुपूर्द कर दिया है। दूसरी तरफ वाहन कंपनी (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ महिला लापता हो गयी।वार्ड नं. दो राजा कालोनी निवासी सोहन लाल पुत्र तारा चंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी 46 वर्षीय पूरन देई 10 नवम्बर को प्रात: साढ़े आठ बजे घर से बिना बताये कहीं चली गयी। उसकी सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की गयी लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चला है। बताया कि पत्नी मानसिक रूप से अस्वस्थ है और पहले भी कई बार इस तरह घर छोड़कर जा चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बंधक बनाकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म

### एसआरएस मॉल में हुई घटना, लगभग सात माह बाद दर्ज हुआ मुकदमा

काशीपुर (उद संवाददाता)। शहर के बीचोंबीच स्थित माल के कैफे में एक नाबालिग युवती के साथ बलात्कार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की ओर से आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्राम ब्रहमनगर ढकियां कलाँ काशीपुर की रहने वाली एक 15 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह अपने गांव के एक युवक सुमित के साथ इंस्टाग्राम से मिली थी। उसके स्कूल जाने के दौरान वह अपनी बहन को भी स्कूल छोड़ने जाता था। तब से उसकी बोल चाल शुरू हो हुई थी। उन दोनों की पहली मुलाकात कुण्डेश्वरी में हुई थी। उस वक्त पीड़िता की दीदी भी साथ थी जिस वजह से दोनों की बात नहीं हुई। बीते वर्ष 25 जून 2023 को जब वह अपने मामा के घर जा रही थी काशीपुर तक अपनी बहन के साथ आई। बहन उसे छोड़कर चली गई तो सुमित उसके पास आया और उसे घुमाने के लिए एसआरएस माल में स्थित एक रुम में ले गया जहां उसने स्कार्फ से उसके हाथ बांधे और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद वह अपने मामा के घर चली गई । आरोपी ने शादी करने का आश्वासन दिया तो उसने अपने घर पर नहीं बताया। लेकिन अब वह मुकरने लगा तो पीड़िता ने अपने परिजनों को बताया जिस पर उसकी मां आरोपी के घर गई जहां उसकी मां को डरा कर वापस भेज दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 376/506 आईपीसी व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## साइबर ठगों ने सीआरपीएफ जवान से ठगी हजारों की नगदी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।सीआरपीएफ का जवान साइबर ठगी का शिकार हो गया है। जालसाजों ने उससे हजारों रूपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर सेल में की है। सीआरपीएफ काठगोदाम गौलापार में तैनात महेंद्र कापड़ी ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी लंदन में रहने वाली अमीनिया लैरी नामक महिला से व्हाट्सएप पर बात होती थी। 6 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर फोन कॉल आया जिसमें बताया गया कि उसकी व्हाट्स फ्रैंड अमीनिया लैरी भारत आई है और उसे एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारी की कस्टडी में है। फोन करने वाले ने बताया कि अमीनिया को तुरंत 49 हजार 500 रूपए की जरूरत है ताकि वह कस्टडी से बाहर आ सके। उसने बात पर भरोसा कर बताए गए खाते पर नगदी फोन पे कर दी। इसके बाद कुछ और रकम की डिमांड हुई तो वह समझ गया कि उसके साथ फ्रॉड किया जा रहा है जिस पर उसने फौरन इसकी सूचना साइबर सेल को दी। साइबर सेल मामले की जांच कर रही है।

## ‘धामी’ का स्वागत, शिष्टाचार अथवा ‘ठुकराल’ की मजबूरी?

### राजकुमार के निशाने पर क्या? सत्ता अथवा संगठन में कोई पद या फिर मेयर की सीट?

-अर्श-

रूद्रपुर। बीते रोज शहर के गांधी पार्क में आयोजित सरस मेले का उद्घाटन करने पहुंचे सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी का रोड शो, नगर के भाजपाइयों के कहे अनुसार ऐतिहासिक तो रहा ही साथ ही इस रोड शो में एक बेहद खास घटनाक्रम भी घटित हुआ, जिसने नगर के सियासी हल्के में इस चर्चा को को जन्म दे दिया है कि क्या विगत विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से बगावत कर रुद्रपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके क्षेत्र के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल कि घर वापसी का रास्ता साफ हो गया है? बताना होगा कि गुजरे दिन रुद्रपुर में आयोजित किए गए मुख्यमंत्री के रोड शो के नगर भ्रमण के दौरान स्थानीय बाटा चौक पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट एवं राज्य शासन के मंत्री गणेश जोशी का अपने समर्थकों के साथ बड़ा ही गर्म जोश स्वागत किया। जैसा कि आपेक्षित था, ठुकराल के इस कदम ने उनके समर्थकों सहित नगर वासियों को भी चकित कर दिया। लिहाजा, स्वागत के इस सारे ताम- झाम के अब सियासी मायने भी तलाशे जाने लगे हैं। वह इसलिए, क्योंकि पिछले कुछ दिनों से





शहर में यह चर्चा खास तौर पर जोर पकड़ रही थी कि पूर्व विधायक जल्द ही सदल बल कांग्रेस में शामिल होने जा रहे हैं। चर्चाएं तो यहां तक थी कि राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस प्रवेश के लिए बाकायदा रुद्रपुर में राहुल गांधी का एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित कराया जाएगा और उस कार्यक्रम में ही ठुकराल गाजे बाजे के साथ कांग्रेस की गोद में जा बैठेंगे। ठुकराल के कांग्रेस के प्रवेश की एक सामान्य वजह यह बताई जा रही थी कि वह अपने भाई संजय ठुकराल को आगामी निकाय चुनाव में कांग्रेस का टिकट दिए जाने की शर्त पर कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं। मगर पूर्व विधायक ने रोड शो में मुख्यमंत्री का स्वागत करके इस संभावना के आगे फिलहाल तो विराम चिन्ह सा लगा दिया है ,लेकिन अब एक बड़ा सवाल यह उठ खड़ा हुआ है कि क्या राजकुमार की घर वापसी का ताना-बाना भीतर खाने तैयार किया जा चुका है और अगर राजकुमार ठुकराल की भाजपा में वापसी होने जा रही है ? तो किस शर्त पर? क्या उन्हें सरकार या संगठन में कहीं एडजस्ट किया जाएगा अथवा उनके अनुज संजय ठुकराल को आगामी निकाय चुनाव में भाजपा की ओर से मेयर प्रत्याशी बनाया जाएगा? हालांकि इस तरह के कोई स्पष्ट संकेत ना तो राजकुमार ठुकराल खेमे की ओर से दिए गए हैं और ना ही भाजपा की ओर से इस संबंध में ऐसा कोई इशारा किया गया है,फिर भी देर सवेर ठुकराल की घर वापसी की संभावनाए बेहद बलवती है,क्योंकि राजकुमार ठुकराल ने भाजपा के (शेष पृष्ठ सात पर)

# जागेश्वर मन्दिर एवं आदि कैलाश गूंजी को विकसित करने का मास्टर प्लान तैयार

## मंदिरों के स्वरूप के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी पर्यटन क्षेत्रों में लोगों को भी मिलेगा रोजगार : दीपक रावत



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के तहत जनपद अल्मोडा के जागेश्वर मन्दिर तथा जनपद पिथौरागढ के आदि कैलाश के गूंजी के मास्टर प्लान और डीपीआर बनाने में मंदिर समितियों, स्थानीय लोगों, विषय विशेषज्ञ, जिला प्रशासन से सुझाव के पश्चात कंसलटेंसी कंपनी अवस्थापना विकास के प्लान को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिसके क्रम में आयुक्त दीपक रावत को कंसलटेंसी कम्पनी द्वारा मन्दिर के मास्टर प्लान के बारे में प्रजेटेंशन के माध्यम से बनने वाले प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। आयुक्त ने कहा कि इस योजना के तहत मंदिरों के स्वरूप के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। मंदिर परिसर से एक से दो किमी. के दायरे में पार्किंग सुविधा, अप्रोच रोड, पीने के पानी, बिजली, शौचालय, कम्युनिटी हॉल, प्रसाद व भंडारा गृह, सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा जागेश्वर मन्दिर के पास अरतोला को पार्किंग जंक्शन को नवनिर्मित ईवी वाहनों के द्वारा पर्यटकों को जागेश्वर लाया जायेगा तथा जागेश्वर मन्दिर के प्रवेश द्वार को पहाडी शैली में बनाया जायेगा। उन्होने कहा कि दण्डेश्वर मन्दिर परिसर में पार्किंग शलटर बनाने के साथ ही आसपास स्थानीय लोगों के भवनों के पहाडी शैली में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा एएसआई म्यूजियम तथा केएमवीएम गैस्ट हाउस का सौन्दर्यीकरण के साथ ही जटगंगा नदी के सौन्दर्यीकरण,ब्रिज, चौकडैम तथा घाट का निर्माण होगा। इसके लिए लगभग 150 करोड की डीपीआर तैयार की जा चुकी है। इसके साथ ही आदि कैलाश गूंजी में नंदी द्वारा का निर्माण, होम स्टे, रैंस्टोरेंट, पार्किंग व्यवस्था के साथ ही लगभग 60 लोगो के रात्रि विश्राम हेतु व्यवस्था की गई है। इसके लिए प्रथम चरण हेतु 12 करोड 87 लाख की डीपीआर तैयार की जा चुकी है। आयुक्त ने कहा कि मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के प्रोजेक्ट पूर्ण होने पर जहां देश विदेश के पर्यटक इन क्षेत्रों का भ्रमण करने से उत्तराखण्ड में पर्यटन को बढावा मिलेगा वही लोगों को भी रोजगार के साथ ही प्रदेश की आर्थिकी को एक नया मुकाम मिलेगा।

# राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य मार्ग पर अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

लोहाघाट (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के हाईकोर्ट के कड़े निर्देश के बाद बुधवार को पीडब्ल्यूडी लोहाघाट के द्वारा अधिशासी अभियंता संजय चौहान के निर्देश पर तहसीलदार विजय गोस्वामी की देखरेख में पुलिस व प्रशासन के सहयोग से लोहाघाट क्षेत्र के बाराकोट लोहाघाट राज्य मार्ग में पाटन पुल से लेकर गलचौड़ा तक किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर की मदद से हटाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। तहसीलदार लोहाघाट विजय गोस्वामी



व पीडब्ल्यूडी के अभियंता तुलाराम ने बताया माननीय हाईकोर्ट के निर्देश पर आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करी जा रही है अतिक्रमण कारियो को पूर्व में नोटिस दे दिए गए थे। अभियंता तुलाराम ने बताया विभाग ने लोहाघाट क्षेत्र में कुल 223 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। उन्होंने कहा राज्य हाईवे 57 में 186 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं जिन पर कार्यवाही हो रही है। उन्होंने कहा दूसरे चरण में पंचेश्वर टैक्सी स्टैंड से लेकर किमतोली तक अतिक्रमण को हटाया जाएगा वहीं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए लोहाघाट थाने के प्रभारी एसओ हेमंत कठेथ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ ग्रामीण होम स्टे को भी मिलेगा पुरस्कार

देहरादून। राष्ट्रीय स्तर पर इस बार श्रेष्ठ ग्रामीण होम स्टे को पुरस्कार दिया जाएगा। पर्यटन मंत्रालय ने श्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता में ग्रामीण होम स्टे की श्रेणी को शामिल किया है। पर्यटन गांव और होम स्टे के लिए 31 जनवरी तक आवेदन करने की तिथि निर्धारित है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बीते वर्ष से केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता शुरू की थी। जिसमें पिथौरागढ़ जिले के सरमोली गांव को श्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिता शुरू हो गई है। गांवों को पर्यटन से जोड़ने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने अभिनव पहल की है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ पर्यटन गांव के लिए आठ श्रेणियां निर्धारित हैं। इसमें हेरिटेज, एग्री टूरिज्म, क्राफ्ट, वाइब्रेंट विलेज, एडवेंचर, सामुदायिक आधारित पर्यटन, रिस्पांसिबल टूरिज्म, वेलनेस शामिल हैं। जबकि ग्रामीण होम स्टे प्रतियोगिता के लिए 14 श्रेणियां हैं। इसमें वाइब्रेंट विलेज, ग्रीन, समुदाय के माध्यम से संचालित होम स्टे, महिला नेतृत्व वाली इकाई, विरासत और संस्कृति पर आधारित होम स्टे, फार्म स्टे, कॉटेज, आयुर्वेदिक और कल्याण, वर्नाक्यूलर आर्किटेक्चर, क्लस्टर, जिम्मेदार आचरण, ट्री हाउस और विला शामिल है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि विरासत, कृषि पर्यटन, शिल्प, जिम्मेदार पर्यटन, जीवंत गांव, साहसिक पर्यटन, समुदाय–आधारित पर्यटन, कल्याण श्रेणी की थीम आधारित होम स्टे सर्वोत्तम पर्यटन गांव के तहत अपना नामांकन कर सकते हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए गांव और होम स्टे पर्यटन मंत्रालय की वेबसाइट www-rural-tourism-gov-in पर 31 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए हमारे प्रदेश के नोडल अधिकारी एवं अपर निदेशक पर्यटन पूनम चंद से संपर्क कर सकते हैं।

# मुख्य सचिव ने दिए प्रदेश में अधिक से अधिक पार्किंग बनाए जाने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में प्रदेश में बनने वाली सभी टनल, ऑटोमेटेड और सरफेस पार्किंग की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड एक पर्वतीय प्रदेश होने के



कारण यहां पार्किंग एक बहुत बड़ी समस्या है। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय जनपदों में पार्किंग के लिए अन्य विकल्पों पर विचार किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने लगातार प्रयास कर प्रदेश में अधिक से अधिक पार्किंग बनाए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पार्किंग के निर्माण में धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रदेश में सभी प्रकार की पार्किंग के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने टनल पार्किंग की साप्ताहिक मॉनिटरिंग करते हुए शीघ्र कार्य शुरू कराए जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन एवं सचिव श्री एस. एन. पांडेय सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# लाभार्थियों को ऋण न देने पर एसडीएम ने जताई नाराजगी

लोहाघाट(उद संवाददाता)।केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजना पीएम स्वनिधि के तहत छोटे व्यापारियों को अपना व्यवसाय चलाने के लिए ऋण दिया जाता है जिससे छोटे व्यापारी अपना व्यवसाय बढ़ा सके लेकिन लोहाघाट में एसबीआई के द्वारा इस जन कल्याणकारी योजना के पात्र लोगों को ऋण नहीं दिया जा रहा है और छोटे व्यापारियों से बैंक के चक्कर कटवाए जा रहे हैं। इस बात की शिकायत व्यापारी ने एसडीएम लोहाघाट रिंकू बिष्ट से की। व्यापारियों ने कहा एसबीआई द्वारा उन्हें योजना के तहत ऋण नहीं दिया जा रहा है और पिछले 6 महीने से बैंक के चक्कर कटवाए जा रहे हैं वहीं एसडीएम लोहाघाट ने मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए बैंक के इस रवैए पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा बैंकों के इस तरह के रवए को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम रिंकू बिष्ट ने कहा इस मामले में पटल सहायक को निर्देशित कर दिया गया है। तुरंत बैंक से संपर्क कर लाभार्थी को योजना का लाभ दिलाया जाए। अगर बैंक सहयोग नहीं करता है तो तो बैंक के उच्च अधिकारियों को सूचित किया जाएगा कि आपके द्वारा भारत सरकार की योजनाओं में सहयोग नहीं किया जा रहा है तथा शासन को भी इस मामले की जानकारी दी जाएगी। कुल मिलाकर एसबीआई द्वारा केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में पलीता लगाने का काम किया जा रहा है बैंक के इस रवैए से छोटे व्यापारी काफी परेशान है।

# 14 जनवरी से कांग्रेस पार्टी शुरू करेगी अंकिता भंडारी न्याय यात्रा

काशीपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी 14 जनवरी से अंकिता भण्डारी न्याय यात्रा शुरू करेगी। इसकी तैयारियों के लिए कांग्रेस नवचेतना भवन में बुधवार को कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने बताया कि 14 जनवरी को जहां राहुल गांधी मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुभारंभ करेंगे, वही प्रदेश कांग्रेस कमेटी उसी दिन से ब्लाक और बूथ स्तर पर अंकिता भंडारी न्याय यात्रा शुरू करेगी। जो 16 जनवरी तक चलेगी। इसके लिये बाजपुर पालिकाध्यक्षगुरजीत सिंह गिते को काशीपुर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। बैठक में कार्यकर्ताओं से न्याय यात्रा को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर विमल गुड़िया, नरेंद्र सिंह बाबा, अरूण चौहान, मनोज जोशी एडवोकेट, इंदर सिंह एड., इंदुमान, जितेंन्द्र सरस्वती, राहुल रमनदीप कांबोज, राजू छीना, रवि ढींगरा, फिरोज हुसैन, इकबाल अदीब, मंसूर अली, मंसूरी, अनित मारकंडे आदि थे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी को फिर पद से हटाने के आदेश

देहरादून। उत्तराखंड शासन ने चमोली जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष



रजनी भंडारी को पद से हटा दिया है। उन पर अपने पद और अधिकारों के दुरुपयोग का आरोप है। सचिव हरि चंद्र सेमवाल ने जारी आदेश में कहा कि गढ़वाल मंडल आयुक्त की जांच में यह भी पाया गया है कि जिला पंचायत अध्यक्ष ने निविदा समिति की सिफारिश पर न्यूनतम बोलीदाता के बजाए अधिकतम बोलीदाता की निविदाएं मंजूर की। कुछ कार्यों में एकमात्र निविदाओं को मंजूर किया गया। शासनादेश में कहा गया है कि श्री नंदादेवी राजजात यात्रा के लिए वर्ष 2012–13 में पर्यटन विभाग की ओर से प्राप्त धनराशि से विभिन्न काम होने थे। इसके लिए जिला पंचायत की ओर से 64 निविदाएं आमंत्रित की गई थी। जिसमें न्यूनतम दर वाली निविदाओं के बजाए अधिक दर वाली निविदाओं को मंजूर किया गया। मामले की जांच के बाद शासन को जो रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई है। उसमें पाया गया है कि 64 में से 30 कार्यों के लिए प्राप्त निविदाओं के तुलनात्मक विवरण से स्पष्ट है कि इन मामलों में प्राप्त निविदाओं को खोलने के लिए गठित समिति ने जिन न्यूनतम निविदाओं के संबंध में अपनी सिफारिश दी। जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी ने इसके विपरीत दूसरे निविदादाताओं के पक्ष में अपनी स्वीकृति दी। इसके अलावा बीआरजीएफ एवं राज्य वित्त के एक–एक काम घटूगाड–पिण्डवाली गदेरे पर पुलिया निर्माण एवं ग्राम सभा सुभाई के तहत भविष्य बद्री मार्ग निर्माण भी समिति की सिफारिश के विपरीत मंजूर किए गए। आदेश में कहा गया है कि जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी ने अपने पूर्ववर्ती जिला पंचायत अध्यक्ष कार्यकाल में अपने पद कर्तव्य एवं दायित्वों के विपरीत जाकर काम किया। जो उत्तराखंड पंचायतीराज अधिनियम 2016 की धारा 138 (1) के तहत एक गंभीर अनाचार उल्लंघन की श्रेणी में आता है। इस मसले पर जिला पंचायत अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उनका जवाब शासनस्तर पर संतोषजनक नहीं पाया गया है। जिन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष के पद से हटाए जाने के पर्याप्त आधार पाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष के पद से हटाया जाता है। शासन ने चमोली की जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी को पूर्व में भी अध्यक्ष पद से हटाया था, लेकिन इसके खिलाफ वह हाईकोर्ट से स्टे ले आई थीं। अब शासन की ओर से एक बार फिर उन्हें पद से हटा दिया गया है।

# बच्ची के साथ कुकृत्य के आरोपी को बीस वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने 7 वर्षीय अबोध बच्ची के साथ कुकृत्य करने के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। ।विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया है कि कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने 17–11–2021 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि उसकी 7 वर्षीय अबोध बच्ची घर के बाहर खेल रही थी कि रमपुरा निवासी रिंकू कोली पुत्र जमुना दास कोली बच्ची को बहला फुसलाकर अपने घर ले गया जहां उसने कमरा अन्दर से बंद कर बच्ची के साथ कृकृत्य करते हुए मुख मैथुन किया। बच्ची ने शोर मचा दिया तथा वहाँ से भाग कर घर आकर सारी बात मॉ को बताई ।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कुछ समय बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।आरोपी के विरूद्ध पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ की कोर्ट् में मुकदमा चला जिसमें विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने 7 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश महोदय द्वारा बुधवार को रिंकू कोली को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाते हुए कहा कि जुर्माने की धनराशि पीड़िता बच्ची को मिलेगी साथ ही सरकार को निर्देश दिए कि वह पीड़िता को प्रतिकर के रूप में 4 लाख रुपए प्रदान करें ।

# फिल्म अभिनेत्री पूनम झावर 12 को ग्रेटर नोएडा में करेंगी शिरकत

ग्रेटर नोएडा(उद ब्यूरो)। बॉलीवुड की प्रख्यात अभिनेत्री पूनम झावर 12 फरवरी को ग्रेटर नोएडा में देवभूमि आइकॉन अवॉर्ड कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। कुमाऊँ केसरी द्वारा 12 जनवरी को होटल अंसल में देवभूमि आइकॉन अवॉर्ड 2024 का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम आयोजक प्रदीप फुटेला ने बताया कि कुमाऊँ केसरी द्वारा प्रतिवर्ष समाजसेवा ,खेल,शिक्षा, स्वास्थ्य, मीडिया समेत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली प्रतिभाओ को द्वारा देवभूमि आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेदाचार्य प्रकाश जी टाटा फिल्म अभिनेत्री पूनम झावर, फिल्म अभिनेता वरुण सूरी, अभिनेत्री दिव्या मालिक, प्रोडच्यूसर ऋचा गुप्ता, वैध नवीन जोशी समेत नेपाल, दक्षिण अफ्रीका समेत भारत की नामचीन हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस तरह का यह पहला मौका होगा जब विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत नामचीन हस्तियों को एक मंच पर लाकर उन्हें उनकी प्रतिभा व काबलियत के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# अयोध्या धाम के लिए रूद्रपुर से भी होगा बसों का संचालन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अयोध्या धाम से 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में भक्तों के बीच उत्साह का महौल है। उत्तराखंड में हरिद्वार, देहरादून सहित हल्द्वानी से रोडवेज बसों को चलाए जाने के बाद रूद्रपुर की बारी है। बड़ी संख्या में यात्रियों की इच्छाओं को देखते जल्द यहां से भी दो बसों के संचालन का प्रस्ताव बनाया गया है। रूद्रपुर डिपो से लखनऊ के लिए अभी एक बस जहां संचालित की जाती है, वहीं कुल बसों की संख्या 80 से अधिक है। इसमें कुछ अनुबंधित बसें भी शामिल हैं। 22 जनवरी को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्रभु की मूर्तियों के प्राण–प्रतिष्ठा कार्यक्रम में यहां से भी बड़ी संख्या में भक्त वहां जाने की इच्छा प्रकट कर रहे हैं। जिसे लेकर हल्द्वानी डिपो से जहां बसों का संचालन पहले ही शुरू किया गया है, वहीं रूद्रपुर डिपो से भी बड़ी संख्या में भक्त आयोध्या धाम जाना चाहते है। ऐसे मे डिपो कि तरफ से बसों के संचालन को लेकर प्रस्ताव बनाया गया है। एआरएम रूद्रपुर डिपो कृष्ण सिंह राणा ने बताया दो बसों के संचालन का प्रस्ताव बनाया है। बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शहर में थे इसलिए प्रस्ताव भेज नहीं सके। गुरूवार को हर हाल में मुख्यालय देहरादून बसों को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817




किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# शीतलहर से लोग परेशान,लगातार बढ़ रही कड़ाके की ठंड



देहरादून। उत्तराखंड में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी से मैदानी इलाकों में भी लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। उधमसिंहनगर और हरिद्वार जिले का तराई क्षेत्र घने कोहरे के आगोश में डूबा हुआ है। लोग अलाव जलाकर ठंड से राहत के लिए ठिठुरते नजर आ रहे है। वाहन चालको व टुकटुक चालक भी ठंड से बचने के लिए कंबल का सहारा ले रहे है। पारा लगातार गिर रहा है और इस कड़ाके की ठंड के बीच में अब लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं।देहरादून में बुधवार को दिनभर शीतलहर चलने से लोगों को हाड़ कंपा देने वाली ठंड का सामना करना पड़ा। हालांकि मंगलवार की तुलना में बुधवार को दिन-रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिन का तापमान सामान्य से 7.2 डिग्री सेल्सियस कम रिकॉर्ड किया गया। उधर गत दिनों की तुलना में बुधवार को कोहरा कम रहा। बुधवार को शहर और आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ी। अलसुबह वातावरण में कोहरा रहा, लेकिन गत दिनों की तुलना में बुधवार को कोहरा कम रहा। वहीं सुबह से ही शीतलहर चलनी शुरू हो गई थी, जो दिनभर जारी रही। ऐसे में कामकाज पर जाने वाले लोग ठिठुरते हुए अपने-अपने गंतव्य तक पहुंचे। वहीं सड़कों के किनारे दुकानदार और राहगीर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करते हुए दिखाई दिए। हाड़ कंपा देने वाली ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों में पैक नजर आए। वहीं आवश्यक नहीं होने पर लोगों ने घरों से बाहर नहीं निकलने में ही समझदारी समझी। इस वजह से सड़कों पर भीड़ भाड़ भी कम रही। उधर, मौसम बेहद सर्द होने की वजह से मंगलवार की तुलना मेंबुधवार को शहर के अधिकतम और न्यूनतम तापमान मेंगिरावट देखने को मिली।

# नैनीताल में बारिश होने से बदला मौसम का मिजाज

नैनीताल। प्रदेश में बीते काफी समय से बारिश ना होने के कारण सूखी ठंड सता रही थी। इसी बीच प्रदेश में मौसम ने करवट ली है। सरोवर नगरी नैनीताल में बारिश के साथ ही ओले गिरने से ठंड में इजाफा हो गया है। कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण लोग अपने घरों में दुबक गए हैं। प्रदेश में मंगलवार से मौसम का मिजाज में बदलाव देखने को मिला। कई इलाकों में बारिश और बर्फबारी हुई है। नैनीताल में भी मंगलवार को बारिश हुई। इसके साथ ही ओले भी गिरे जिस से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बारिश के बाद ठंड बढ़ने के कारण नैनीताल और हल्द्वानी में लोग घरों में दुबक कर बैठे हुए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक नैनीताल में सुबह से ही बादल लगे हुए थे। शाम होते-होते मौसम ने करवट ली और शाम सात बजे करीब बारिश शुरू हो गई। लगभग 20 मिनट तक बारिश हुई और ओले भी गिरे। नैनीताल में ठंड बढ़ने के कारण गर्म कपड़ों की बिक्री भी बढ़ गई है। इस बीच नैनीताल में लगभग दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के निदेशक डॉ विक्रम सिंह के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में ये बदलाव देखने को मिला है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि फिलहाल नैनीताल और आसपास की ऊंचाई वाली पर्वतीय चोटियों में बर्फबारी की संभावना नहीं है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 10 और न्यूनतम 6 डिग्री रहा। वहीं आर्द्रता अधिकतम 90 और न्यूनतम 55 प्रतिशत रही।

# सुरई रेंज में एक और महिला को बाघ ने बनाया शिकार

खटीमा। प्रदेश में वन्य जीवों के हमले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। बाघ और तेंदुए के हमले की घटनाओं में आए दिन लोग जान गंवा रहे हैं। खटीमा में बाघ ने एक महिला को अपना निवाला बना लिया। महिला का शव तक भी नहीं मिल पाया है। शव की तलाश की जा रही है। उधम सिंह नगर जिले के खटीमा के तराई



पूर्वी वन प्रभाग के सुरई रेंज के नबदिया गांव में बाघ ने एक महिला को शिकार बना लिया। बताया जा रहा है कि महिला शौच के लिए जंगल गई थी। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के मुताबिक महिला जंगल में शौच के लिए गई थी लेकिन काफी देर बाद भी वो वापस लौट कर नहीं आई। जिसके बाद परिजन जंगल की ओर गए। घटनास्थल पर खून मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया है। अभी तक महिला का शव बरामद नहीं किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही सुरई रेंज की वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। वन क्षेत्र अधिकारी आरएस मनराल ने बताया कि एक टीम को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। जबकि एक और टीम को भेजा जा रहा है। वनकर्मी महिला के शव की खोज बख्तरबंद ट्रैक्टर के साथ कर रहे हैं।

# बाइक चालक के खिलाफ दी तहरीर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक युवक ने दुर्घटना के आरोपी बाइक सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पंजाब नेशनल बैंक के सामने कुंवरपुर गौलापार निवासी अफसान खान पुत्र स्व. जफर उल्ला खान ने पुलिस को दी तहरीर में में कहा है कि उसके पिता जफर उल्ला खान 29 दिसंबर की शाम को सड़क किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान बाइक संख्या यूके01सी-4365 के चालक ने लापरवाही से चलते हुए उसके पिता को टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बाइक सवार भी घायल हो गया जबकि उसके साथ बैठे युवक को कम चोटें आई हैं। घायलों को उपचार के लिए बेकस अस्पताल लाया गया जहां उसके पिता की हालत को नाजुक देखते हुए उन्हें एसटीएच रेफर कर दिया गया जहां उनकी पांच जनवरी को उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने बाइक चालक अशोक कुमार पुत्र पुत्र देवराम निवासी गंगानगर काठगोदाम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# पत्रकार से पुलिसकर्मी की अभद्रता पर रोष

लालकुंआ (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद के नैनीताल जिलाध्यक्ष उर्वादत्त भट्ट के साथ एक पुलिस कर्मी द्वारा अभद्रता किये जाने से पत्रकारों में भारी रोष है। संगठन के लोगों ने मामले में सिपाही के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। घटना को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी को दी गयी तहरीर में पत्रकार प्रेस परिषद के जिलाध्यक्ष उर्वादत्त भट्ट ने बताया कि वह बुधवार को गन्ना सेंटर दुम्काबंगर से ट्रैक्टर पर मिल के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सिविल ड्रेस में हल्दूचौड़ के पुलिस कर्मी द्वारा वाहनों को जबरन रूकवाया जा रहा था। इस बारे में पूछने पर पुलिस कर्मी अभद्रता पर उतारू हो गया और सार्वजनिक रूप से अपमानित करने लगा। उर्वा दत्त भट्ट के मुताबिक सिपाही पहले भी इस तरह की हरकतें कर चुका है। पता चला है कि आये दिन उक्त सिपाही द्वारा वाहनों से अवैध वसूली भी की जाती है। पत्रकार से अभद्रता की घटना पर पत्रकारों में भारी रोष है। पत्रकारों ने मामले में सिपाही के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। वहीं पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए सिपाही के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं होने पर उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी पति गिरफ्तार

रामनगर (नैनीताल)। पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि शंकर सिंह नेगी निवासी हनुमानगढ़ी ने अपनी बहन मनीषा शर्मा की मौत की सूचना दी थी। आरोप लगाया कि 24 नवंबर को उसकी बहन ने ससुराल वालों से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मामले में पति सूरज शर्मा उर्फ रूपक शर्मा समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बताया कि घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। बुधवार को आरोपी सूरज शर्मा निवासी गदरपुर मोहल्ला टांडा मल्लू पीरूमदारा को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया।

# न्यायाधीश कुंवर अमरिन्दर सिंह को अतिरिक्त प्रभार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुंवर अमरिन्दर सिंह को अपर जिला न्यायाधीश वाणिज्यिक न्यायालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राज्य उत्तराखंड ले.ज. (सेनि) की संस्तुति पर प्रमुख सचिव नितिन शर्मा की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि कुंवर अमरिन्दर सिंह को उनके वर्तमान दायित्व के अतिरिक्त् कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्ति प्रदान की जाती है।

# पूर्व महिला प्रधान एवं पति पर नशा कारोबारी ने किया हमला

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाएं अभियान की जद में आने पर गुस्साए कच्ची शराब की कारोबारी ने पूर्व महिला प्रधान तथा उसके पति से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम फिरोजपुर निवासी पूर्व प्रधान सपना गौतम पत्नी मथुरी लाल गौतम ने बताया कि गांव का बंटी उर्फ राजेश पुत्र वीर सिंह पिछले लंबे समय से नकली कच्ची शराब तथा नशीले इंजेक्शन बेचने का काम करता है। पुलिस द्वारा लगातार की जा रही इस कार्यवाही से वह पूर्व महिला प्रधान तथा उसके पति से रंजिश रखने लगा। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 4 जनवरी की शाम लगभग 6:00 बजे जब वह पति के साथ घर की ओर लौट रही थी इस दौरान रास्ते में बंटी उर्फ राजेश ने रास्ता रोककर उसके पति के साथ गाली गलौज करते हुए उस पर लाठी डंडे तथा धारदार हथियार से हमला बोल दिया। इस दौरान पूर्व महिला प्रधान ने जब बीच बचाव का प्रयास किया तो आरोपी युवक ने महिला के साथ मारपीट की और जाते-जाते मुंह खोलने के एवज में जान से मारने की धमकी दे गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ 323 342 354 504 506 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# पूरे प्रदेश में चल रहा सीएम धामी का जादू: रामपाल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने बीते दिवस मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रोड शो और गाधी पार्क में आयोजित नारी शक्ति वंदन महोत्सव के शुभारम्भ कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता पर समस्त मातृ शक्ति, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम जनता का आभार व्यक्त किया है। रामपाल सिंह ने कहा



कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जादू आज जनता के सिर चढ़कर बोल रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने कार्यकाल में जो ऐतिहासिक फैसले लिये हैं उससे पूरे उत्तराखण्ड की जनता उनकी मुरीद हो चुकी है। जहां भी सीएम धामी जाते हैं वहां जनसैलाब उनके साथ खड़ा हो जाता है। सीएम धामी की लोकप्रियता का ही नतीजा रहा है कि बुधवार को रूद्रपुर में मुख्यमंत्री धामी के समर्थन में उमड़ी भीड़ ने सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिये। भारी भीड़ उमड़ने से विपक्ष के हौंसले पस्त हो गये है। रामपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश भर में हो रहे सीएम धामी धामी के रोड शो में उमड़ी भीड़ से यह साबित हो रहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा एक बार फिर हैट्रिक बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड समृद्धि की ओर लगातार बढ़ रहा है। आने वाले लोकसभा चुनाव के साथ साथ निकाय चुनाव में भी भाजपा का परचम लहरायेगा।

# नशे की लत ने पहुंचाया जेल घर-घर से मोबाइल चुराये

हल्द्वानी। नशे की लत ने एक युवक को चोर बना दिया। नशे की जरूरत कोपूरा करने के लिए वह घर-घर से मोबाइल चुरा कर सस्ते दामों में बेच दिया करता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चोरगलिया निवासी मीना ने पुलिस को सूचना दी थी कि करन चौधरी नामक युवक उनके घर में घुस गया और मोबाइल चोरी कर भाग गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी करन चौधरी पुत्र सोमपाल निवासी अमर बस्ती धनगढ़ी नेपाल हाल निवासी गोविंद्पुर चोरगलिया को गिरफ्तार कर चुराया गया मोबाइल बरामद कर लिया है।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। डिलीवरी के दौरान एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रूद्रपुर निवासी शिवानी पुत्र किशन कुमार गर्भवती थी। जिसके बाद उसे जवाहर लाल नेहरू जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डिलीवरी के बाद शिवानी को अत्यधिक रक्तश्राव होने लगा जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए एसटीएच लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जो राम को लाए हैं ,हम उनको लाएंगे..!

## देहरादून में आयोजित 'राम-राग' कार्यक्रम में मशहूर गायक कैलाश खेर और कन्हैया मित्तल के भजनों पर खूब झूमे लोग

देहरादून। देहरादून में संस्कृति विभाग की ओर से बन्नू स्कूल में आयोजित 'राम-राग' कार्यक्रम में कैलाश खेर और कन्हैया मित्तल के गानों ने समा बांध दिया। कन्हैया मित्तल ने 'जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे...' से कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने 'उत्तराखंड के भाग जाग जाएंगे, राम आएंगे...' गाया तो पूरा पंडाल भक्ति में डूब गया। यहां देर रात तक दूनवासी भक्ति के रंग में रंगे रहे। श्री राम और खाटू श्याम के जयकारों से दून गूंजता रहा। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कैलाश खेर और कन्हैया मित्तल को श्रीरामचरितमानस की प्रति भेंट की। राम-राग में कन्हैया मित्तल ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। उनके बाद कैलाश खेर ने 'जाना जोगी' भजन सुनाकर अपनी शुरुआत की। इसके साथ ही उन्होंने 'मैं तो तेरे प्यार में दीवाना हो गया', 'राम ही पार लगावेंगे', 'क्या कभी अंबर से' आदि भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि पहले सत्ता होशियारों के हाथ में थी तो देश का क्या बना दिया लेकिन अब प्यारों के हाथ में है



तो सब आपके सामने है। कैलाश खेर ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकाल पूरे विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया है। कन्हैया मित्तल ने कहा कि पहले ऐसे भी मुख्यमंत्री थे जिन्होंने कारसेवकों पर गोली चलवाई। लेकिन, अब ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो खुद रामसेवक हैं। कन्हैया मित्तल के भजनों के बीच दून का वातावरण पूरा भक्तिमय हो गया। चारों ओर दूनवासी भजनों पर झूमते दिखे ओर भगवा झंडे लहराते दिखे। जय श्री राम के उद्घोष के बीच कन्हैया मित्तल भी बीच में रुके। इसे



देख भजन गायक कन्हैया मित्तल बोले कि आज देहरादून भी अयोध्या से कम नहीं है। भजन गायक कन्हैया मित्तल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य नहीं एक धाम है। उत्तराखंड से पहली बार स्पेशल खाटू श्याम के लिए बस चलाई गई। उन्होंने एक भजन सुनाते हुए कहा, अपना बना लो धामी को, दिल को दिल से जोड़ के।

## राज्यपाल और सीएम ने भजन गायकों को किया सम्मानित

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के साथ रेसकोर्स बन्नू स्कूल में आयोजित 'राम राग' एक संध्या राम के नाम भजन संध्या में शामिल हुए। उन्होंने पद्म श्री कैलाश खेर और कन्हैया मित्तल को सम्मानित करते हुए कहा कि कैलाश खेर और कन्हैया मित्तल अपने भजनों के माध्यम से दुनिया में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। उनके भजन भाव विभोर करने के साथ दिल को छू लेते हैं। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस भजन संध्या में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम हमारे आदर्श हैं जिनकी सभी लीलाएँ मानव जीवन में अनुकरणीय हैं। सच्चिदानंद स्वरूप होते हुए भी मानव जीवन में हमारे और आपके लिए वे अवतरित हुए, क्योंकि उन्हें समाज को " अच्छे मनुष्य बनो और अच्छे मनुष्य बनाओ" का संदेश देना था। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री महेन्द्र भट्ट, विधायक श्री खजान दास, सचिव संस्कृति श्री हरिचन्द्र सेमवाल, महानिदेशक सूचना एवं विद्यालयी शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी, निदेशक संस्कृति श्रीमती बीना भट्ट आदि उपस्थित थे।

## मेरा गांव मेरी सड़क योजना के तहत 24 सड़कों को मंजूरी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास मंत्रालय ने प्रदेश के कई जिलों में मेरा गांव मेरी सड़क योजना में 24 सड़क योजनाओं को स्वीकृति दी। अब तक 61 गांव को मिल चुकी है सड़क मार्ग से जोड़ने की मंजूरी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस योजना में 49 गांव के लिए सड़कें स्वीकृत की गयी थी। जिन पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि इन सड़कों के बनने से स्थानीय ग्रामीणों को हर मौसम में बेहतर यातायात की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से संपर्क मार्ग उपलब्ध होने के साथ-साथ स्थानीय उपज को बाजार तक लाने की सुविधा होगी। जिससे कृषकों की आय में वृद्धि तथा अन्य रोजगार के साधन भी विकसित होंगे।



ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की परिधि से बाहर सम्पर्कविहीन गांवों को सड़क से जोड़ने की दिशा में सीएम धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। मंत्री ने कहा कि इन सड़कों के बनने से ग्रामीणों को हर मौसम में बेहतर यातायात की सुविधा मिलेगी। 'मेरा गांव मेरी सड़क योजना' में मुख्य सड़क से एक किमी की दूरी पर स्थित संपर्क विहीन गांवों की सभी मौसम की सम्पर्कता के लिए सड़क बनाई जाती है। इस योजना से ग्रामीणों को सभी मौसम में आवागमन के लिए संपर्क मार्ग उपलब्ध होने के साथ-साथ स्थानीय उपज को बाजार तक लाने की सुविधा होगी।

## सचिव पेयजल और परिवहन अरविंद ह्यांकी ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में सचिव पेयजल और परिवहन अरविंद ह्यांकी ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को जानकारी दी कि ई-गवर्नेंस के माध्यम से जनता को ऑनलाइन सेवाएं प्रदान की जा रही है। बताया कि परिवहन विभाग 58 सेवाएं ऑनलाइन की गयी है जो देश में सर्वाधिक है। वाहन चालकों की परीक्षा के लिए ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक की स्थापना की गई है। वाहनों की रियल टाइम मॉनिटरिंग हेतु वाहनों में वीएलटी डिवाइस एवं आपातकालीन अलर्ट सिस्टम की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 1,27,044 चालान एवं रूपये 2740 लाख का प्रशमन शुल्क वसूला गया वहीं वर्ष 2023-24 में माह नवंबर तक कुल 1,42,100 चालान एवं रूपये 2339 लाख प्रशमन शुल्क वसूला गया है विभिन्न बस स्टेशनों एवं कार्यशालाओं को आधुनिकीकरण किया गया है। सचिव ने बताया कि पेयजल जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्तमान तक 12.85 लाख परिवारों तक पेयजल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। वहीं 19123 आंगनबाड़ी एवं 16439 आंगनबाड़ी केंद्रों में कनेक्शन लगाए गए हैं। नमामि गंगे कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न स्थानों पर रूपये 295.85 करोड़ की लागत से 24 स्नान घाट और 26 मोक्ष धाम को निर्माण किया गया है। वर्ष 2022-23 में नवीन स्वीकृत एसटीपी एवं आई एंड डी का कार्य माह दिसंबर 2025 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। गंगा की मुख्य धारा के अतिरिक्त नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद नैनीताल, देहरादून, ऊधम सिंह नगर एवं पौड़ी में 74.80 एमएलडी क्षमता के 13 एसटीपी रूपये 567 करोड़ की लागत से स्वीकृत किए गए हैं जिसमें 2 एसटीपी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 11 एसटीपी का कार्य माह मार्च 2026 तक पूर्ण किया जाना है। इस अवसर पर उन्होंने अन्य जानकारी भी राज्यपाल को दीं।



## अलका लांबा का गर्मजोशी से किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर अलका लांबा का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इस अवसर पर पर बड़ी संख्या में देशभर की महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पहुंचकर महिला कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर अलका लांबा का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इधर उत्तराखंड से भी जुझारू और संघर्षशील प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने एआईसीसी दिल्ली पहुंचकर, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा का स्वागत किया। जनपद उधम सिंह नगर से भी उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा सहित प्रदेश सचिव सुनीता कश्यप, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, प्रदेश सचिव सपना गिल,काशीपुर से कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल, लालकुआं से कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव बीना जोशी, महिला कांग्रेस की वरिष्ठ नेता जया कर्नाटक, सितारगंज से मीरा सोनकर,आदि ने भी दिल्ली पहुंचकर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर अलका लांबा का जोरदार स्वागत किया । इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने जहां उन्हें पगड़ी पहनाई,वहीं शॉल ओढ़ाकर और बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया गया स इस अवसर पर बड़ी संख्या में अन्य महिला कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## विधायक अरविंद पांडे ने किया नव वर्ष कैलेंडर का विमोचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। बुधवार की सुबह गूलरभोज स्थित कैंप कार्यालय पर पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अरविंद पांडे और मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल सहित बड़े बुजुर्गों के हाथों से नव वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस दौर में अखबार बंद हो रहे हैं उसे दौर में अखबार के साथ-साथ कैलेंडर निकालना भी एक साहसिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि उमर अली युवा पत्रकार हैं उन्होंने प्रिंट मीडिया में अपना एक नया मुकाम बनाया है। पिछले लगभग 13 वर्षों से पत्रकारिता क्षेत्र में काम कर रहे उमर अली हर छोटी बड़ी खबर को समाचार पत्र में स्थान देकर शासन तक उस आवाज को पहुंचाने का काम कर रहे हैं। गौरव बत्रा द्वारा भी गदरपुर क्षेत्र में अपनी एक पहचान बनाई है जिनके द्वारा हर छोटी बड़ी खबर को मौके पर पहुंचकर बड़ी बारीकी के साथ लोगों तक पहुंचाया जाता है। इन दोनों ने दिन-रात मेहनत करके इस नव वर्ष 2024 पर जो कैलेंडर का प्रकाशन किया है वह गदरपुर क्षेत्र में इतिहास बन गया है। इस दौरान पत्रकार शाहनूर अली, राकेश अरोड़ा, देव चौधरी,राजकुमार शर्मा (रिंकू),अनीता दुबे ,तरुण दुबे ,राकेश भुड्डी (बंटी), सचिन बत्रा, रवि पाल, सलीम बाबा,शाकिर अली, समीर, महफूज अली, आदि लोग मौजूद रहे।



# प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में धूमधाम से निकला विशाल नगर कीर्तन

गदरपुर(उद संवाददाता)। वह प्रगटियों मरद अगमड़ा वरियाम अकेला, वाह वाह गोबिंद सिंह आपे गुर चेला,तही प्रकाश हमारा भयो,पटना शहर बिखै भव लयो , सतनाम श्री वाहेगुरु,कीर्तन गायन के साथ विशाल नगर कीर्तन का विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों सेवा समितियों एवं ग्रामीणों द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी एवं पांच प्यारों सहित संगत पर पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरण करते हुए शुभकामनाएं प्रदान करते हुए सेवा की गई। ग्राम सभा झुन्नी मजरा स्थित गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मुख अरदास के उपरांत नगर कीर्तन का शुभारंभ किया गया। नगर कीर्तन ग्राम झुन्नी मजरा से ग्राम कुआं खेड़ा, ग्राम राजपुरा नंबर दो, राजपुरा कॉलोनी,सकैनिया मार्ग, ग्राम कनकटा पुलिया, सकैनिया, मजरा मर्दान होते हुए ग्राम बेवक्ता स्थित नवीन गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी ,पंच प्यारे,घुड़सवार ,पांच प्यारों की खालसा फौज,दरबार साहिब श्री अमृतसर, केशगढ़ साहिब,हेमकुंड, पंजाबी सभ्याचार,चार साहिब जादे की शहीदी प्रदर्शित करती झांकियां, खालसा फौज, शबद कीर्तनी जत्थे शामिल थे। ,बोले सो निहाल सत श्री अकाल,के जयकारों के साथ गतका पार्टी के सेवादारों तलवार बाजी नेजा बाजी सहित आंखों पर पट्टी बांधकर सिंघों द्वारा अपने हैरत अंगेज जौहर दिखाए गए। नगर कीर्तन में श्री गुरु हरगोबिंद साहिब पब्लिक स्कूल खेमपुर एवं अब्दुल्ला नगर एवं लिटिल चौंपियन स्कूल दिनेशपुर के बच्चे अपने स्कूल के परिधानों में पीटी का प्रदर्शन करते हुए नगर कीर्तन में शामिल हुए। वहीं दूर दराज की संगत द्वारा नगर कीर्तन में सहभागिता करके नगर कीर्तन की शोभा को बढ़ाया गया श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज तहसील बिलासपुर उत्तराखंड से पहुंचे पांच प्यारे एवं गतका पार्टी का संगत ने जोरदार स्वागत किया नगर कीर्तन में शामिल संगत का विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों, बाबा भुम्मन शाह सेवा समिति, कंबोज महासभा एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण करके सेवा की गई। नगर कीर्तन के मार्ग को स्थानीय संगत द्वारा दो दिन पूर्व से सफाई व्यवस्था करके तोरण द्वारों से सजाया भी गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा सहभागिता करके यातायात व्यवस्था को सुचारु किया।






# पैदल अयोध्या जा रहे गाबा का जगह जगह जोरदार स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर से लेकर अयोध्या धाम तक की पैदल यात्रा पर निकले नगर के समाजसेवी सुशील गाबा को जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। जहां एक ओर पूरा सोशल मीडिया उनके समर्थन व उनका आशीर्वाद रूपी पोस्टों से भर उठा है तो वहीं दूसरी ओर रुद्रपुर से दर्जनों लोगों ने भी उनकी यात्रा पथ पर पहुंचकर हौसला अफजाई करते हुए उत्साहवर्धन किया और यात्रा की सफलता के लिए कामना की। ज्ञातव्य है कि रुद्रपुर के समाजसेवी सुशील गाबा जहां एक ओर अपनी समाज सेवा के लिए प्रसिद्ध है तो वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया जाता है। श्री गाबा उत्तराखंड के प्रथम पैदल यात्री के रूप में श्री राम अयोध्या को रवाना हुए हैं। तकरीबन 475 किलोमीटर की यह दूरी तय करने में उनको एक पखवाड़ा लगेग।। श्री गाबा की इस यात्रा से रुद्रपुर ही नहीं बल्कि उत्तराखंड में जनता के प्रति बहुत उत्साह जाग गया है। उनके पक्ष में फेसबुक व इंस्टाग्राम में सैकड़ो की संख्या में रोजाना पोस्ट डाली जा रही है और उनकी यात्रा के लाइव प्रसारण एवं रील्स को भी लोग बहुत रुचि से देखते हुए जय श्री राम के नारे के साथ अपना आशीर्वाद व सहयोग तथा प्यार भी दे रहे हैं। दूसरी ओर नगर के दर्जनो लोगों ने श्री गाबा से उनके यात्रा पथ पर जाकर मुलाकात की और उन्हें पूरा स्नेह दिया।प्रथम दिवस सबसे पहले जहां लालपुर में श्री गाबा का जिला पंचायत सदस्य बंटी खुराना, बलजीत गाबा, राज गगनेजा, कमल चिलाना समेत दर्जनों क्षेत्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया, तो वही किच्छा टोल के पास अधिवक्ता मनीष मित्तल ने सपरिवार पहुंचकर स्वागत किया। किच्छा में समाजसेवी अक्षय बाबा ने श्री गाबा के एवं उनकी पूरी टीम के रहने की निशुल्क व्यवस्था करवाई। थोड़ा आगे बढ़ते ही पुलभट्टा में अमित दास, जीत सिंह गाबा मिलने पहुंचे। बहेड़ी में समाजसेवी पवन कुमार ने अपने साथियों सहित श्री गाबा का जोरदार स्वागत किया, तो वहीं रुद्रपुर के समाजसेवी मानस जायसवाल एवं मनोज मदान ने श्री गाबा को राम ध्वज देकर एवं माल्यार्पण कर श्री गाबा का जोरदार स्वागत किया।




# धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। 15 अगस्त 1998 को हल्द्वानी में खुखरायण सभा की स्थापना हुई। तब से हर साल बिरादरी में जश्न और उल्लास से लोहड़ी पर्व मनाया जाता है। कश्मीरी लाल साहनी, जेके चड्ढा, नरेंद्र कुमार साहनी, सचिन साहनी, सन्नी आनंद, संदीप कोहली, पंकज साहनी, प्रदीप सभरवाल, राकुमार आनंद, हितेंद्र भसीन, उपमा सेठी द्वारा गणेश वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात बुजुर्गो को शाल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया। दिल्ली से ओसीपी भांगड़ा ग्रुप ने सुंदर प्रस्तुति दी जिसमे बिरादरी ने नाच गा कर आनंद लिया। लोहड़ी जलाने के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। जिन बच्चों की पहली लोहड़ी है उनको पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर त्विषा साहनी, रीत चड्ढा, अर्जुन चड्ढा और उमांश आनंद की पहली लोहड़ी मनाई। खुखरायण सभा की तरफ से सबका आभार व्यक्त किया गया।




# लघु व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर किया सीएम का स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नारी शक्ति वंदन महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नगर आगमन पर रोड शो निकाले जाने के दौरान में लघु व्यापार एसोसिएशन के महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में रेहडी पटरी पर कार्य करने वाले सैकड़ों लघु व्यवसाईयो ने गल्ला मंडी में एकत्र होकर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का फूल बरसा कर स्वागत किया और रोड शो में प्रतिभाग कर श्री धामी का सम्मान किया। स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष गुलशन नारंग, जिला उपाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, नगर उपाध्यक्ष सुभाष रस्तोगी, नगर महामंत्री आकाश पाल, नगर उपाध्यक्ष नन्हे सागर, नगर उपाध्यक्ष महेंद्र सागर, नगर कोषाध्यक्ष विश्वनाथ यादव, संजय मंडल, रमेश पाल,राजू कोली ,गिरिराज कोली ,दिनेश रस्तोगी, पप्पू कोली, अशोक रस्तोगी, जोगेंद्र सिंह, राजेश,रिंकू सागर,सोनू यादव, तुलाराम, अजीत मंडल, सोनू रस्तोगी, प्रेम कोली, वेदपाल, पप्पू मुरारी, जयवीर, अकील आदि लोगों उपस्थित थे।



# हल्द्वानी में गुरु मां लोहड़ी उत्सव 12 जनवरी को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पंजाबी जनकल्याण समिति द्वारा आगामी 12 जनवरी को शाम 6 बजे से गुरु मां लोहड़ी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बाहर से आ रहे ओसीपी भांगड़ा ग्रुप के कलाकारों द्वारा लोहड़ी प्रज्जवलन एवं मंच पर पंजाबी थीम पर प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोड़ा ने बताया कि मंच पर विभिन्न संस्थाओं के लगभग 200 बच्चे अपनी प्रस्तुति देंगे।अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़ ने बताया कि समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली पांच संस्थाओं को स्वर्गीय प्यार चंद ढींगरा स्मृति संस्था सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। दसवीं और बारहवीं में जिन पंजाबी बच्चों ने 85% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें स्वर्गीय रमेश चंद्र मोंगा की स्मृति में आम्रपाली शिक्षण संस्थान द्वारा मेधावी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। महामंत्री मुकेश ढींगरा ने बताया कि जिन नवजात बच्चों एवं जिन नव विवाहित पंजाबी जोड़ों की पहली लोहड़ी है उनके साथ संस्था लोहड़ी प्रज्जवलन करेगी एवं उनको उपहार भी दिए जाएंगे।संस्था उपाध्यक्ष संजीव आनन्द ने बताया कि संस्था के कार्यकर्ता, युवा एवं पंजाबी वूमेन क्लब कीमहिलाएं उत्सव को सफल बनाने में भागीदारी दे रहे हैं। प्रेस वार्ता में कार्यक्रम संयोजक हरि मोहन अरोड़ा, संरक्षक सुभाष मोंगा, अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़, महामंत्री मुकेश ढींगरा, उपाध्यक्ष संजीव आनंद, रश्मि राजपाल ,पूनम क्वात्रा, पूजा बग्गा, अवनीश राज पाल, शिखर आहूजा आदि उपस्थित थे।



# एक घंटे की सामूहिक हड़ताल पर रहे जीवन बीमा कर्मी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जीवन बीमा निगम में संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर प्रथम श्रेणी अधिकारी, द्वितीय श्रेणी अधिकारी, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गत दिवस दोपहर 12.30 बजे से 1. 30 बजे तक देशव्यापी एक घण्टे की हड़ताल में शामिल रहे। इस दौरान अपनी मांगों को लेकर सभी कर्मचारियों ने लम्बे समय से लम्बित वेज रिवीजन व अन्य मांगो के समर्थन में नारेबाजी व प्रदर्शन किया। रोषित कर्मियों का कहना था कि पूर्व में कई बार प्रबन्धन से उचित कार्यवाही करने के लिये आग्रह किया। लेकिन प्रबन्धन किसी भी मुद्दे पर बात करने के लिये तैयार नही है। प्रबन्धन के इस नकारात्मक व अड़ियल रवैये के कारण सभी कर्मचारी व अधिकारियों को एक घन्टे की हड़ताल के लिये मजबूर होना पड़ा है। फिर भी यदि प्रबन्धन वार्ता के लिये तैयार नही होता है तो सभी संवर्गो के कार्मिक आगे कठोर कदम उठाने के लिये बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि 01 अगस्त 2022 से लम्बित वेज रिवीजन को शीघ्र लागू किया जाये, नई पैन्शन योजना के स्थान पर पुरानी पैन्शन योजना लागू की जाये, जब तक पुरानी पैन्शन योजना लागू ना हो जाये तब तक प्रबन्धन का योगदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया जाये, बढ़ते व्यवसाय के कारण सभी संवर्गों में नई भर्तियाँ शीघ्र की जाये, कर्मचारियों व अधिकारियों के मुद्दों पर एकतरफा रवैया बन्द किया जाये। इस मौके पर कॉ. विपिन त्रिपाठी, कॉ. उपदेश सक्सेना व जगप्रीत सिंह ने संबोधित किया। सभा में बलवन्त सिंह बोरा, अजय सक्सेना, सन्तोष कुमार मंगोली, एलपी गोतम, पीसी. पाण्डे, डीएस.एल धानक, राजेन्द्र सिंह, जीवन चन्द्र जोशी, प्रियंका ऐरवान, हीमा नेगी, एनपी गुप्ता, दीपक पुनेठा, वाई एस मेहरा, नवीन चन्द्रा, केसी पन्त, आरके कोली, नैनी गोपाल, राजीव सिंघल, दीपा चन्द्रा, पूनम सरोज, राहुल मिश्रा, अजय कुमार आर्य, प्रेम राम,देव सिंह नेगी,भुवन चन्द्र भट्ट, राजेन्द्र सिंह बिष्ट,राहुलआदि मौजूद रहे।



# रोड शो और जनसभा को ऐतिहासिक बनाने पर विधायक ने जताया आभार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नारी शक्ति वन्दन महोत्सव कार्यक्रम की अपार सफलता के लिये विधायक शिव अरोरा ने सभी का आभार व्यक्त किया है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि विगत काफी दिनों से प्रशासन के साथ इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वह स्वयं हर व्यवस्था पर नजर बनाकर चिंता किये हुए थे,जिसके परिणाम स्वरूप सभी के सहयोग और समर्पण से यह कार्यक्रम इतना विराट आकर लेते हुए इतिहास में दर्ज हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का रोड शो अपने आप मे ऐतिहासिक रहा जिसमें हर संगठन से लेकर हर समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री का ह्रदय की गहराइयों से पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने कहा नारी शक्ति वन्दन कार्यक्रम महिलाओं को मुख्य धारा से जोड़ने उनको आत्मनिर्भर बनाने उनके उत्थान के लिये भाजपा सरकार की बहुत बड़ी पहल है। युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जो जनता के दिलों पर राज करते हैं उनका हर जिले में इसी प्रकार स्वगत हो रहा है और सीएम के आगमन पर पूरा रुद्रपुर धामीमय नजर आया। इस कार्यक्रम को भव्य दिव्य बनाने के लिये सभी मातृशक्ति सभी सामाजिक संगठनों, समहू की महिलाओं से लेकर जगह जगह से आई मातृशक्ति का विधायक शिव अरोरा ने आभार जताया।



उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बागी विधायकों की योग्यता

महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायकों की योग्यता के मसले पर पिछले काफी समय से चल रहा जद्दोजहद तकनीकी रूप से आखिर अपने अंजाम तक पहुंच गया लगता है। राज्य विधानसभा के अध्यक्ष ने समूचे मामले में बारह सौ पन्नों में दर्ज ब्योरे के आधार पर जो फैसला सुनाया, वह महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से एक अहम प्रभाव रखने वाली शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ। हालांकि इस फैसले के आने से पहले तक दोनों पक्षों के बीच एक कशमकश बनी हुई थी, इसके बावजूद एकनाथ शिंदे का समूह संख्या बल अपने साथ होने के आधार पर अपने हक में फैसला आने को लेकर एक तरह से आश्वस्त था। वहीं उद्धव ठाकरे गुट के बीच एक आखिरी उम्मीद थी कि शायद विधानसभा अध्यक्ष की राय उनके पक्ष की दलीलों पर आधारित होगी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने उद्धव गुट की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें शिवसेना से बगावत करने वाले सोलह विधायकों की योग्यता को रद्द करने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अब जो फैसला सामने आया है, उसके मुताबिक 21 जून, 2022 को जब पार्टी दो समूह में बंटी, तब उसके बाद और चुनाव आयोग के रिकार्ड में भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट ही वास्तविक शिवसेना था। जाहिर है, इस फैसले के बाद उद्धव ठाकरे और उनके समूह को घोर निराशा हुई है, जो यह मान कर चल रहे थे कि कानूनी प्रक्रिया में जाने के बाद उनके गुट को ही वास्तविक शिवसेना के रूप में मान्यता मिलेगी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने पार्टी पर शिंदे गुट का हक होने के पक्ष में शिवसेना के ही उस संविधान का उल्लेख किया, जो 1999 में तैयार किया गया था। उसके अनुसार चुनाव आयोग में पार्टी का 1999 का ही संविधान सौंपा गया था, इसलिए फैसले का आधार भी वही होगा। जबकि शिवसेना के संविधान में 2018 किए गए संशोधन के मुताबिक पार्टी प्रमुख का फैसला ही पार्टी का फैसला होगा। जाहिर है, इस पुराने संविधान में की गई व्यवस्था की कसौटी पर उद्धव ठाकरे गुट का पक्ष कमजोर साबित हुआ और यही शिंदे समूह के लिए मददगार बना। इसी बुनियाद पर विधानसभा अध्यक्ष ने यह व्यवस्था दी कि एकनाथ शिंदे को पार्टी से निकालने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं है। स्वाभाविक ही इस फैसले से शिंदे गुट के जिन सोलह विधायकों पर अयोग्यता की तलवार लटकी हुई थी, उन्हें बड़ी राहत मिली है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर निर्णय के लिए विधानसभा अध्यक्ष को ही उचित प्राधिकार बताया था और दस जनवरी तक का वक्त निर्धारित किया गया था। मगर अब विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के बाद उद्धव ठाकरे के गुट की ओर से यह कहा गया है कि फैसला उम्मीद के उलट है, इसलिए इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी। यानी एक बार फिर यह मामला शीर्ष अदालत के कठघरे में जा सकता है। जो हो, फिलहाल जो तस्वीर सामने आई है, उससे यही लगता है कि अब उद्धव ठाकरे के समूह के सामने अपना नया राजनीतिक अस्तित्व खड़ा करने की जरूरत पड़ेगी। अगर ऐसा होता है तो महाराष्ट्र के मौजूदा राजनीतिक समीकरण में नई तस्वीर भी उभर सकती है। राज्य की राजनीति में लंबे समय से शिवसेना का प्रभाव अलग-अलग रूप में कायम रहा है। अब दो समूहों में बंटने के बाद और राज्य में मुख्य रूप से भाजपा के समांतर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के ध्रुवों के बीच सिमटी शक्ति के साथ शिवसेना की राज्य की राजनीतिक दिशा को तय करने में कितनी और क्या भूमिका होगी, यह देखने की बात होगी।

# श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 7000 से अधिक मेहमानों को समारोह का निमंत्रण दिया

### श्री राम मंदिर में प्रवेश पर नियम लागू: भारतीय परंपरा के अनुसार पहने वस्त्र, मोबाइल ले जाने पर रोक

आयोध्या। आयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होना है। देश के कोने-कोने से कई अतिथि इसमें शामिल होने के लिए आएंगे। ऐसे में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अतिथियों के लिए कुछ नियम जारी किए हैं। समारोह में प्रवेश करने वाले महानुभावों को कुछ नियमों का पालन करना होगा। इसके आधार पर ही आगंतुकों को प्रवेश दिया जाएगा। बता दें कि अभी तक ट्रस्ट की ओर से 7000 से अधिक मेहमानों को समारोह का निमंत्रण दिया गया है। राम मंदिर में प्रवेश के दौरान कोई भी अतिथि मोबाइल और पर्स नही ले जा सकेगा। गैजेट्स को ले जाने की भी इजाजत नहीं होगी। इसमें ईयर फोन और रिमोट वाली चाबी भी शामिल है।इसी के साथ समारोह में बड़ी संख्या में देशभर से संत और धर्माचार्य भी आएंगे। इन्हें अपने साथ पारंपरिक रुप से छत्र, चंवर, ठाकुर जी, सिंहासन और गुरु पादुका ले जाने की इजाजत नहीं मिलेगी। सभी अतिथियों को सुबह बजे से पहले ही समारोह स्थल पर प्रवेश लेना होगा। किसी भी विशिष्टजन और धर्माचार्य के साथ सुरक्षाकर्मी या फिर उनके शिष्य और सेवक अंदर प्रवेश नहीं कर पाएंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यजमान के रुप में प्राण प्रतिष्ठा की सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद परिसर से चले जाने पर ही आगुंतक मेहमानों को रामलला के दर्शन मिलेंगे। भारतीय परंपरा के अनुसार वस्त्र धारण कर आने की प्राथमिकता देने की भी अपेक्षा की गई है। हालांकि, ट्रस्ट की ओर से कोई ड्रेस कोड लागू नहीं किया गया है।



# कारसेवक ने सुनाया 1992 का किस्सा,निमंत्रण नहीं मिला

देहरादून। छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा गिरने के दौरान जखोली विकासखंड के दूरस्थ पालाकुराली गांव (तब, टिहरी जनपद का हिस्सा था) के डॉ. गुलाब सिंह राणा भी वहां मौजूद थे। डॉ. गुलाब ने बताया कि उस दिन सभी कारसेवक अंदर घुसे और विवादित ढांचे को गिराने में जुट गए थे।इस दौरान हर ओर सिर्फ जय श्रीराम के जयकारे गूंज रहे थे। इस घटना में कई कारसेवक घायल भी हो गए थे। घटनास्थल पर दिनभर एंबुलेंस के सायरन बज रहे थे। स्कूली जीवन के बाद से सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे 82 वर्षीय डॉ. गुलाब सिंह राणा अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गदगद हैं। उन्होंने बताया कि दो दिसंबर 1992 को वह टिहरी जिले के अलग-अलग गांवों से अपने साथी ओम प्रकाश भट्ट, ज्योति गैरोला, चंद्र सिंह रावत, गोबरू लाल के साथ ऋषिकेश पहुंचे थे।वहां से सभी लोग बस में सवार होकर फैजाबाद स्टेशन होते हुए अयोध्या जा पहुंचे। छह दिसंबर 1992 को सुबह से ही अयोध्या में विवादित ढांचे के आसपास भारी पुलिस





फोर्स और अन्य सुरक्षा बल तैनात था। विवादित ढांचे की सुरक्षा के लिए तीन चरणों में बैरिकेटिंग की गई थी, लेकिन जैसे ही कार सेवकों का हुजूम वहां पहुंचा, सारी सुरक्षा व्यवस्था धरी की धरी रह गई। डॉ. गुलाब बताते हैं कि कार सेवकों ने अंदर घुसकर विवादित ढांचे को गिरा दिया था। इस दौरान कई कार सेवक घायल भी हो गए थे, जिन्हें एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद तो उस क्षेत्र में सिर्फ एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ी के सायरन सुनाई दे रहे थे। उन्होंने बताया कि वहां से वह अन्य कार सेवकों के साथ ईंट लेकर निकले। उस दिन पूरे अयोध्या क्षेत्र में कहीं भी खाने के लिए कुछ नहीं मिला। जैसे-तैसे दारुलसभा पहुंचे और कैंटीन में भोजन के लिए पूछा। लेकिन वहां भी सिर्फ पका हुआ चावल था। उसके साथ दाल, सब्जी तो दूर नमक भी नहीं था। इसके बाद हम लोगों ने आधा-आधा प्लेट पका चावल खाया। अयोध्या सहित अन्य क्षेत्रों में कर्फ्यू के कारण वह तीन दिन तक वहीं फंसे रहे। डॉ. राणा बताते हैं कि अयोध्या में विवादित ढांचे को गिराने वाले कारसेवकों को प्रतीकात्मक कारसेवक नाम दिया गया था। इस दौरान आंध्र प्रदेश के कार सेवकों को सबसे पहले भेजा गया था। इसके बाद अन्य राज्यों से पहुंचे कारसेवक गए थे। कार सेवक डॉ. गुलाब सिंह राणा का कहना है कि वह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित थे, लेकिन उन्हें 22 जनवरी के आयोजन का निमंत्रण नहीं मिला है। इससे वह थोड़े निराश हैं, लेकिन उन्हें खुशी है कि आराध्य श्रीराम अपने मंदिर में विराजमान हो रहे हैं।

# भारत को लेकर नजरिया बदल चुका है चीन

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लंदन में पीएम ऋषि सुनक से की मुलाकात

लंदन /नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। ब्रिटेन दौरे पर गए भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लंदन में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात ब्रिटिश पीएम के आधिकारिक निवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट, लंदन में हुई। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों ने अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक, बहुआयामी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी में ढालने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन और अन्य समान विचारधारा वाले देशों को शांतिपूर्ण और स्थिर वैश्विक नियम आधारित व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए और भारत के उत्थान में सहयोगी बन सकते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने भी व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दोनों देशों के साथ मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त



की। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच चल रहे मुक्त व्यापार समझौते को सफल निष्कर्ष पर लाया जा सकता है। मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक को राम दरबार की प्रतिमा उपहारस्वरूप दी। इस मुलाकात के दौरान ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर टिम बैरो भी मौजूद रहे। इससे इतर लंदन के इंडिया हाउस में एक कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में चीन के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित एक लेख का उदाहरण देते हुए कहा कि चीन का भी अब भारत को लेकर नजरिया बदल चुका है और चीन, भारत को एक उभरती आर्थिक ताकत और रणनीतिक ताकत के रूप में स्वीकार करता है। राजनाथ सिंह ने इसकी वजह देश के तेज आर्थिक विकास और मजबूत विदेश नीति को दिया। राजनाथ सिंह ने ये भी कहा कि गलवान घाटी में हुई भारतीय और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद भी चीन का भारत के प्रति रुख बदला है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब भारत को कमजोर देश नहीं माना जाता बल्कि इसे उभरती हुई वैश्विक ताकत के तौर पर देखा जाता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि अब ऐसा नहीं है कि कि भारत को आंख दिखा के जो चाहे सो निकल जाए। उन्होंने कहा कि हम किसी को भी दुश्मन देश के तौर पर नहीं देखते, लेकिन दुनिया इस बात से वाकिफ है कि भारत और चीन के रिश्तों में तनाव है। हालांकि हम चाहते हैं कि अपने पड़ोसी देशों और दुनिया के अन्य देशों के साथ दोस्ताना संबंध रखें। राजनाथ सिंह ब्रिटेन के आधिकारिक दौरे पर हैं और यह किसी भी भारतीय विदेश मंत्री का बीते बीस सालों में यह पहला दौरा है। राजनाथ सिंह ने लंदन में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरून से भी मुलाकात की। लंदन के ट्रिनिटी हाउस में ब्रिटिश रक्षा मंत्री ग्रांट शैप्स और राजनाथ सिंह ने भारत-ब्रिटेन के रक्षा उद्योग के सीईओ के गोलमेज सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी।







# उत्तरायणी महोत्सव में लोक कलाकार मचाएंगे धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) की ओर से आगामी 13 व 14 जनवरी को आयोजित होने जा रहे उत्तरायणी महोत्सव की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। समिति की एक बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान अध्यक्ष गोपाल पटवाल ने बताया कि कि 13 जनवरी को सुविख्यात कलाकार जितेंद्र तोमक्याल, बिशन हरियाला, आशा नेगी , सीमा विश्वकर्मा ,देव मथेला, हास्य कलाकार लच्छू पहाड़ी व अन्य कलाकारों द्वारा पर्वतीय संस्कृति पर आधारित मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। 14 जनवरी को चयनित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही खटीमा के प्रसिद्ध व्याख्या जन जागृति संगीत एवं नाट्य एकेडमी के कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी। मेले के दोनों दिवसों पर पर्वतीय अंचल की प्रमुख पहचान छोलिया नृत्य की प्रस्तुति भी समाहित होगी। बच्चों के लिए मेले में झूले की विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा व्यापारिक स्टॉल पर्वतीय उत्पादन व पर्वतीय स्वादिष्ट व्यंजन भी मेला परिसर में उपलब्ध होंगे बैठक में अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल एवं महामंत्री एड.दिवाकर पाण्डे के अलावा कोषाध्यक्ष डी के दनाई, राजेन्द्र बोरा, दिनेश बम, कीर्ति निधि शर्मा, हरीश दनाई, सतीश ध्यानी, मोहन उपाध्याय,नरेन्द्र रावत, महेश काण्डपाल, संजीव बुधौरी, जगदीश बिष्ट, डी एस मेहरा,भाष्कर जोशी,के के मिश्रा,मनोज जोशी, त्रिभुवन जोशी, हेम पन्त,दिवान सिंह बिष्ट आदि थे।



# स्वच्छ भारत मिशन की उड़ी धज्जियां

लोहाघाट (उद संवाददाता)।एक ओर जहां भारत सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन चलाया गया है लोगों को कई कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता के लिए प्रेरित किया जा रहा है वहीं जिला पंचायत चंपावत स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाता नजर आ रहा है । लोहाघाट के राजकीय पॉलिटेक्निक के सामने लोगों के द्वारा सड़क किनारे कूड़ा फेंक कर कूड़े का ढेर बना दिया गया है जिस कारण पर्यावरण प्रेमियों में काफी आक्रोश है। गुरूवार को पाटन ग्राम की प्रभा पाटनी ने बताया जिला पंचायत चंपावत के द्वारा पॉलिटेक्निक के पास कूड़ा दान रखवा दिए गए हैं जिस कारण लोगों ने इस साफ स्वच्छ स्थान में कूड़ा फेंकना शुरू कर दिया है लोग कूड़ेदान में कूड़ा ना फेक सड़क किनारे कूड़ा फेंक रहे हैं जिस कारण क्षेत्र में गंदगी फैलने के साथ-साथ बंदरों का आतंक भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा जिला पंचायत ने कूड़ा दान तो रखवा दिया लेकिन कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि पाटन ग्राम सभा के द्वारा घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए वाहन लगाया गया है लोगों ने कहा जिला पंचायत के द्वारा इस साफ स्वच्छ स्थान को कूड़ा घर बना दिया गया है। लोगों ने जिला पंचायत से इस स्थान से कूड़ा दान को तुरंत हटाने की मांग की है। लोगों ने कहा बड़ी मुश्किल से इस जगह को कूड़ा मुक्त किया गया था लेकिन जिला पंचायत के कारनामे से क्षेत्र में गंदगी का ढेर लगने लगा है। लोगों ने प्रशासन से जिला पंचायत के अधिकारियों पर कार्यवाही करने तथा इस स्थान से कूड़ा दान को हटाने की मांग की है। लोगों ने कहा जिला पंचायत को इस साफ स्वच्छ स्थान मेंकूड़ा दान नही रखने चाहिए जबकि जिला पंचायत के द्वारा बढ़ चढ़कर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया गया था।



# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

गदरपुर(उद संवाददाता)। विकासखंड गदरपुर के न्याय पंचायत आनंद खेड़ा में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत विकास योजना एवं थीम आधारित नियोजन विषय पर जनप्रतिनिधि व रेखीय विभाग के कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण राजकीय प्राथमिक विद्यालय आनंद खेड़ा में आयोजित किया गया । मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान इंद्रपाल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करवाया गया । ग्रामीण विकास एवं शोध संस्था के मास्टर ट्रेनर दर्शन सिंह ने थीम एक गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गांव के विषय पर बताया कि एक गरीबी मुक्त पंचायत जो सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करे ताकि कोई भी गरीबी में वापस ना आए सभी के लिए और आजीविका के साथ विकास समृद्धि हो एसडीजी में कोई गरीब, भूखा ना हो ,अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण गुणवत्ता शिक्षा, लैंगिक समानता ,स्वच्छ जल, स्वच्छता ,सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन हो पर आधारित विस्तृत जानकारी दी गई । मास्टर ट्रेनर नरोत्तम सिंह ने थीम दो स्वास्थ्य गांव जिसमें सभी उम्र के लोग उत्तम स्वास्थय और कल्याण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर शिवकुमार ने थीम तीन बाल हितैषी गांव, जिसमें बच्चों के अधिकार के बारे में बताया । प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान इंद्रपाल सिंह,वर्षा बठला, विकास कुमार, संजीत विश्वास, दीपक पाल, बिशन सिंह ,मनिका ,प्रकाश मंडल ,संजय, काजल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती रोजी,नैना देवी, नमिता दुबे ,आशा, काजल मिस्त्री, मीरा देवी ,भगवती, अनुभा आदि उपस्थित रहे ।



# जिला जज धनंजय चतुर्वेदी बहाल

नैनीताल। हाईकोर्ट ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनंजय चतुर्वेदी के निलंबन आदेश व चार्जशीट को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश राकेश थपलियाल और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में 29 दिसंबर को जिला जज धनंजय चतुर्वेदी की याचिका सुनवाई को पेश हुई थी, जिसमें उन्होंने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा उन्हें 24 जुलाई 2023 को निलंबित करने व 10 अगस्त 2023 को चार्जशीट जारी करने को चुनौती दी थी। उन पर आरोप था कि उनके जिला एवं सत्र न्यायाधीश चमोली के पद पर रहने के दौरान गवाह के बयानों की रिकॉर्डिंग हुई जो हाईकोर्ट के नियमों का उल्लंघन है। इसके अलावा, उन्होंने चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी के फोन की कॉल डिटेल प्राप्त की जो एक महिला की निजता व व्यक्तिगत अधिकार का उल्लंघन है। यह उत्तराखंड सरकारी सेवा नियमावली के खिलाफ है। इस मामले में हेम वशिष्ठ नाम के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार विजिलेंस व हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को शिकायत की थी, जिसमें न्यायालय में हुई रिकॉर्डिंग की पेन ड्राइव भी थी। इन आरोपों के संबंध में याचिकाकर्ता की ओर से उनके अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जिस अधिवक्ता ने यह शिकायत भेजी है कि वह जिला बार एसोसिएशन चमोली में पंजीकृत नहीं है। इसके अलावा शिकायत पत्र में न तो दिनांक है और ना ही उसमें हस्ताक्षर हैं। उसके अलावा, हाईकोर्ट के नियमों के अनुसार किसी न्यायिक अधिकारी की शिकायत शपथपत्र के माध्यम से की जानी आवश्यक है, जो इस मामले में नहीं हुआ है। इसके अलावा शिकायत पत्र चमोली डाकघर से भेजने के बजाय हल्द्वानी डाकघर से भेजा गया।

# श्रद्धालुओं ने निकाली प्रभात फेरी

गदरपुर/केलाखेड़ा (उद संवाददाता)। गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर प्रभात फेरियों के दौरान शब्द कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण का कार्यक्रम जारी है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी केला खेड़ा के अध्यक्ष परमजीत सिंह ने बताया कि प्रात: 6 बजे से 8बजे तक प्रभात फेरियों का विभिन्न ग्रामों एवं घरों में भ्रमण किया जा रहा है। इस



दौरान संगत द्वारा शब्द कीर्तन करते हुए गुरु इतिहास पर प्रकाश डालने के साथ प्रसाद वितरित किया जाता है। पैदल भ्रमण करके प्रभात फेरी में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक सहभागिता की जा रही है और कड़ाके की सर्दी के बावजूद श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है उन्होंने सभी संगत को गुरु पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की ।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शैलजा 15 जनवरी को देहरादून में

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि उत्तराखंड कांग्रेस की नवनियुक्त प्रभारी कुमारी शैलजा आगामी 15 तारीख को देहरादून आएंगे और राज्य कांग्रेस नेताओं को अपना मार्गदर्शन देंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष करण माहरा करेंगे । उल्लेखनीय है कि पिछले काफी वर्षों से राज्य कांग्रेस के प्रभारी देवेंद्र यादव रहे थे परंतु देवेंद्र यादव को पंजाब का प्रभारी बनाकर पंजाब भेज दिया गया है जबकि कुमारी शैलजा जो छत्तीसगढ़ की प्रभारी थी उन्हें अब उत्तराखंड का प्रभाव दिया गया है यद्यपि वे स्वयं भी हरियाणा के अंबाला लोकसभा क्षेत्र से सशक्त उम्मीदवार मानी जाती हैं और कई बार वहां से लोकसभा चुनाव भी जीती है।

# स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसओजी एएनटीएफ व कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने स्मैक के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार, प्रभारी एसओजी सुनील धानिक, प्रभारी एएनटीएफ सौरभ कुमार भारती के संयुक्त नेतृत्व में एसओजी एएनटीएफ व कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस टीम द्वारा चेंकिग के दौरान भैसोड़ा फार्म तिराहे के पास एक युवक गौरव कुमार आर्या पुत्र संजय कुमार निवासी मल्ला ओड़खोला के कब्जे से 6.50 ग्राम स्मैक बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोतवाली अल्मोड़ा में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत की गयी । पुलिस टीम उपनिरीक्षक दिनेश परिहार उपनिरीक्षक राकेश भट्ट ,कानि विरेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।




## पेज एक का शेष...

**धामी का स्वागत ...**शीर्ष नेताओं से अपने संबंध कभी भी नहीं बिगड़ने दिए। सूबे के मुख्यमंत्री से भी ठुकराल के व्यक्तिगत संबंध हमेशा मधुर रहे हैं। बागी होकर चुनाव लड़ने के दौरान भी उन्होंने कभी भी भाजपा या धामी को निशाने पर नहीं लिया, बल्कि उनका विरोध केवल भाजपा के प्रत्याशी तक ही सीमित रहा। सीधे शब्दों में कहें तो पूर्व विधायक ने भाजपा से बगावत जरूर की ,लेकिन जान पड़ता है जैसे वे अपने मन मस्तिष्क से भाजपा की विचारधारा एवं सिद्धांत कभी नहीं निकाल पाए। शायद यही वजह है कि भाजपा से बगावत करने के बावजूद भी उनके तार पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से पूरी तरह नहीं टूटे। उधर भारतीय जनता पार्टी को भी ठुकराल को वापस लेने में कोई विशेष हिचक नहीं होनी चाहिए ,क्योंकि गुजरे विधानसभा चुनाव में तीस हजार से अधिक वोट अपने दम पर हासिल करके उन्होंने अपनी ताकत तो भाजपा नेतृत्व को दिखा ही दी है। लिहाजा भाजपा नेतृत्व को भी इस बात का एहसास होगा कि राजकुमार ठुकराल लोकसभा चुनाव में मोदी फैक्टर के चलते भले ही भाजपा का नुकसान न कर पाए, लेकिन नगर निगम चुनाव की दृष्टि से उन्हें कहीं भी हल्के में नहीं लिया जा सकता। साथ ही लोकसभा चुनाव के समय भी अगर परिस्थितियों ऐसी बन पड़ी कि नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय सीट से किसी पंजाबी समुदाय के व्यक्ति को टिकट देना भाजपा की रणनीति की मजबूरी बन गई, तो भी ठुकराल भाजपा के लिए लाभकारी हो सकते हैं। इसलिए भाजपा भी उनके घर वापसी को हरी झंडी देने में तनिक भी सोच विचार नहीं करेगी। बहरहाल रुद्रपुर के बाटा चौक में पूर्व विधायक द्वारा मुख्यमंत्री धामी का दलबल सहित स्वागत किए जाने के मूल में ठुकराल के धामी से व्यक्तिगत संबंध एवं शिष्टाचार था अथवा इसके पीछे कोई राजनीतिक खिचड़ी पक रही है? यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

**जिला अस्पताल में...**उन्होनें अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी बात की। भर्ती मरीजों से कमिश्नर ने डाक्टरों एवं स्टाफ के व्यवहार एवं चिकित्सा सुविधाओं के सम्बंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक सहित सभी को कमिश्नर ने व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिये।उन्होनें कहा कि मरीजों के उपचार में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कमिश्नर ने सर्दियों के मौसम को देखते हुए दवाईओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। समाचार लिखे जाने तक निरीक्षण जारी था।

**लापता महिला वन...**और चालक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वन क्षेत्राधिकारी गौहरी रेंज राजाजी टाइगर रिजर्व राजेश चंद्र जोशी की लिखित तहरीर पर थाना लक्ष्मण झूला में आसका व प्रवेग कंपनी के प्रबंधक व चालक अश्वनी बीजो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# वाणिज्यिक न्यायालय कुमाऊं डिवीजन हल्द्वानी का उद्घाटन, सभी सुविधाएं मिलेंगी

हल्द्वानी। वाणिज्यिक न्यायालय कुमाऊं डिवीजन हल्द्वानी का उद्घाटन बुधवार को भटट काम्पलैक्स नियर टीवीएस शोरूम रामपुर रोड हल्द्वानी में मुख्य अतिथि माननीय कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन में पहुंचे माननीय तिवारी व थपलियाल का बार एसोसिएशन और अधिवक्ताओं द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि वाणिज्य कोर्ट कुमाऊं डिविजन में बन जाने से कुमाऊं की जनता और अधिवक्ताओं को इसका निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा, इससे पूर्व कुमाऊं की जनता व अधिवक्ताओं को अपने बहुत से वाणिज्य संबंधी कार्यों के लिए देहरादून जाना पड़ता था, लेकिन अब कल से उनको वाणिज्य कोर्ट कुमाऊं डिविजन हल्द्वानी में ही वह सभी सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान जिला जज नैनीताल सुजाता सिंह, रजिस्ट्रार जनरल हाई कोर्ट उत्तराखंड आशीष नैथानी, एडीजे कुंवर अमनिंदर सिंह, न्यायमूर्ति नैनीताल पंकज पुरोहित, सिविल जज हल्द्वानी अलका, सिविल जज हल्द्वानी गुलिस्ता अंजुम, डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज नीलम रात्रा, डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज नंदन सिंह राणा, सिविल जज हल्द्वानी सोनिया, सिविल जज हल्द्वानी विशाल गोयल, ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हल्द्वानी मोहित महेश, सीनियर सिविल जज हल्द्वानी ज्योति बाला, चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट (रेलवे) हल्द्वानी मनोज कुमार द्विवेदी, कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत, एसएसपी हल्द्वानी प्रह्लाद सिंह मीणा, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एसडीएम हल्द्वानी पारितोष वर्मा, तहसीलदार हल्द्वानी सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।





## सभी जिलाधिकारियों को भूमि की जियो मैपिंग करने के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने आज सचिवालय में विभिन्न विभागों की परिसम्पत्तियों एवं भूमि पर अतिक्रमण रोकने के लिए सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि सरकारी, अर्द्ध सरकारी, सार्वजनिक निगमों, ग्राम सभाओं आदि की परिसम्पत्तियों पर कब्जा रोकने के लिए पोर्टल और मोबाइल ऐप तैयार किया गया है। जिसपर सभी विभाग अपने जमीनों का लोकेशन अक्षांश एवं देशान्तर रेखाओं के साथ अपलोड करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि पोर्टल और मोबाइल ऐप सहित अन्य तकनीकी सुविधाओं के लिए आईटीडीए और यू-सैक संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को भूमि की जियो मैपिंग के लिए समय सीमा निधारित किए जाने के निर्देश दिए हैं।



मुख्य सचिव ने कहा कि नगर निगमों एवं नगर पालिकाओं को इस दिशा में तेजी से कार्य करना होगा। इनकी भूमि अत्यधिक कीमती होने के कारण इनपर अतिक्रमण तेजी से हो रहा है। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों से डाटा कलेक्शन के दौरान फील्ड में आ रही समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली। उन्होंने तकनीकी समस्याओं के निस्तारण के लिए आईटीडीए और यूसैक को एक सप्ताह का समय देते हुए तकनीकी सहयोग लगातार दिए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, श्री सचिन कुर्वे, डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, सीसीएफ पराग मधुकर धकाते, कमिश्नर एवं सचिव राजस्व परिषद श्री चंद्रेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा जनपदों से जिलाधिकारी एवं विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## चोरी के ट्रैक्टर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

बाजपुर। दस दिन पहले चीनी मिल से चोरी हुए ट्रैक्टर सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर किया है। पुलिस ने घटना प्रयुक्त की गई बुलेट और तीन मोबाइल भी बरामद किए हैं।बुधवार को कोतवाली में एसपी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर को काशीपुर के गांव अजीतपुर निवासी जगराज सिंह का चालक सरफराज गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर चीनी मिल आया था। चोर ट्रॉली को मौके पर छोड़ कर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए



थे। सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी के निर्देशन में चार पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस टीम ने यूपी के मिलक खानम जिला रामपुर में दबिश देकर ट्रैक्टर के साथ आरोपी गुरविंदर सिंह उर्फ गोपी और प्रदीप उर्फ मंदीप निवासीगण जमुना जमनी रामपुर और अमरजीत सिंह निवासी खानपुर उत्तरी रामपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में कोतवाल नरेश चौहान, एसएसआई जसवीर सिहं चौहान, गोविंद सिंह मेहता, कैलाश नगरकोटी, प्रकाश चंद्र, गोविंद प्रसाद, खीम सिंह, नीरज कुमार, कैलाश तोम्कयाल, सुरेश, मोहन खाती रहे। वहां सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी मौजूद रहे।

## क्षेत्र पंचायत गदरपुर की बैठक 18 को

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र पंचायत गदरपुर की बैठक 18 जनवरी को 11 बजे विकासखंड सभागार में निर्धारित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किये जायेंगे।

# समस्त परिवहन अधिकारियों को दिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के निर्देश

**पर्वतीय क्षेत्रों में टैक्सी चालकों के अवैध लगेज कैरियर हटाये जाए और स्कूल बसों के परमिट परमानेंट किए जाएं, हल्द्वानी सिटी के अंदर 6 यातायात रूट प्लान तैयार**

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड अपने नैसर्गिक सौंदर्य के लिए देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी अपनी विशेष पहचान रखता है। पर्वतीय क्षेत्र होने के कारण उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां विषम होते हुए भी यहां के लोग अपनी सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखे हुए हैं, साथ ही देश दुनिया में अपनी विशेष पहचान भी बना रहे हैं। विषम भौगोलिक परिवेश में बसे उत्तराखंड के गांव व शहरों की यातायात व्यवस्था को ओर मजबूत बनाने के लिए आज संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक आयुक्त कुमाऊं/अध्यक्ष संभागीय परिवहन प्राधिकरण दीपक रावत की अध्यक्षता में राज्य अतिथि गृह (सर्किट हाउस) काठगोदाम में हुई। हल्द्वानी नगर की बढ़ती आबादी और उनकी सुविधा के दृष्टिगत हल्द्वानी सिटी के अंदर 6 रूट प्लान तैयार किए गए हैं, जिसमें सिटी बसों का संचालन किया जाएगा। 147 नए रूट्स जो पहले निर्माणाधीन थे, अब ठीक हो गए हैं, उन पर नए सिरे से वाहनों के संचालन के लिए परमिट जारी किये जाएंगे। जिन टैक्सी चालकों ने अपनी टैक्सी पर लगेज करियर लगाए हैं, वह अमान्य है, जिनको करने का निर्णय भी आज की बैठक में लिया गया है। स्कूल की बसों के संबंध में जो रूल्स पूर्व में बने हैं, उनको एक जगह कंपाइल किया गया है, ताकि जो भी नए परमिट दिए जाएंगे और जो भी परमानेंट कर दिया जाएं। आयुक्त दीपक रावत ने बैठक में उपस्थित समस्त परिवहन अधिकारियों को कनेक्टिविटी को ओर बेहतर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में आरटीओ हल्द्वानी संदीप सैनी,



कुछ शर्तों के अधीन मान्य किया गया है, ताकि वे अवैध तरीके से सवारी न ढो पाएं, लेकिन यदि किसी का अत्यावश्यक समान है, तो उसको ले जाने की अनुमति है। जो ट्रैवल्स एजेंट हैं, उनको कुछ शर्तों के अधीन रजिस्टर्ड परमिट धारक है, एक साथ उन शर्तों को देख पाएंगे और ठीक से टैक्सस व बसेस का संचालन कर पाएंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जो वाहन चालक टेंपरेरी परमिट्स के आधार पर वाहनों का संचालन कर रहे हैं, उनके परमिट आरटीओ परिवर्तन हल्द्वानी नंदकिशोर, एआरएम डिपो हल्द्वानी सुरेंद्र बिष्ट, परिवहन प्राधिकरण सरकार द्वारा नामित सदस्य विनोद महरा, सूरज प्रकाश, अध्यक्ष केमू यूनियन व सदस्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


